# Decision Making

PART→2

निर्देश (प्रश्न 8 से 9)
XYZ कॉलेज में आगामी वर्ष के इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के लिए चयन प्रक्रिया के नि० लि० मानदण्ड हैं। उम्मीदवार को—

(A) 12वीं कक्षा पास करनी चाहिए, जिसमें विज्ञान प्रमुख विषय हो।

(B) 1 अगस्त 2016 को 18 वर्ष से कम उम्र का नहीं होना चाहिए।

(C) एक बार का डिपाजिट 10,000 रु और वार्षिक फीस 48,000 रु जमा करने में सक्षम होना चाहिए।

(D) 10वीं की परीक्षा में कम से कम 70% अंक और 12वीं परीक्षा में कम से कम 60% अंक अर्जित करना चाहिए। अगर उम्मीदवार ऊपर दिए गए मानदण्डों को पूरा करता है, सिवाय—

(i). उपरोक्त (C) के परंतु वार्षिक शुल्क और एक बार का डिपाजिट 8000 रु जमा करने में सक्षम है, तो उसका मामला प्रबंध निदेशक के पास भेजा जाना चाहिए।

(8). उसके मामले में क्या निर्णय लिया जाना चाहिए—
रक्षिता ने ABC स्कूल से 93% अंक के साथ 10वीं पास की है और 89% अंकों के साथ 12वीं पास की है, वह शुल्क संरचना के अनुसार शुल्क का भुगतान करने को तैयार है। उसका जन्म 13 जनवरी, 1997 को हुआ—

⇒ दिए गए तथ्य निर्णय लेने के लिए अपर्याप्त हैं।

(9). उसके मामले में क्या निर्णय लिया जाना चाहिए?
नंदी का जन्म 20 अक्टूबर, 2000 को हुआ था, उसने बारहवीं की पढ़ाई प्रमुख विषय के रूप में विज्ञान के साथ की। उसने 10वीं और 12वीं दोनों कक्षाओं में 94% अर्जित किये। वह वार्षिक शुल्क के भुगतान में सक्षम है, परंतु एक बार जमा की जाने वाली राशि के रूप में 8000 ही दे सकता है।

⇒ उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाएगा। (A) ✓ (B) ✗

निर्देश (प्रश्न 10-12)
निम्न जानकारी का ध्यान से अध्ययन करें और नीचे दिए गए सवाल का जवाब दें
एक संगठन में कृषि अधिकारियों की भर्ती हेतु निम्न शर्तें हैं। उम्मीदवार/ उम्मीदवार ने
(A) कम से कम 60% कुल अंको के साथ कृषि के क्षेत्र में स्नातक हो।
(B) कम से कम 50% कुल अंको के साथ चयन प्रक्रिया को पास किया हो।
(C) 1, Oct 2016 को 35 साल की उम्र पूरी कर ली है।
एक आवेदक के मामले में जिन्होंने अन्य सभी मानदण्डों को पूरा किया है, लेकिन
(I) (B) ऊपर, लेकिन कृषि के क्षेत्र में स्नातकोत्तर की डिग्री ली है, तो मामला उपाध्यक्ष को भेजा जाएगा-
(II) (A) ऊपर, लेकिन चयन प्रक्रिया में 60% से अधिक अंक हासिल किये हैं, तो इस मामले को मुख्य महाप्रबंधक को भेजा जा सकता है।

(10). नि० लि० मामले में क्या निर्णय लेना है?
समीर एक BSC कृषि स्नातक है, और उसने 50% कुल अंको के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया है। 11.5.1978 को उनका जन्म हुआ और चयन प्रक्रिया में 72% हासिल किये।

(A) ✗ offer ✓
(B) ✓
(C) ✓

⇒ उम्मीदवार को मुख्य महाप्रबंधक को भेजा जाना है।

(11). नि० लि० मामले में क्या निर्णय लेना है?
अशोक मल्होत्रा ने 65% कुल अंको के साथ BSC कृषि किया है और कृषि के क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिग्री ली है। 43% के साथ चयन प्रक्रिया को उत्तीर्ण किया है। और 5.10.1972 को उनका जन्म हुआ।

(A) ✓
(B) X offer ✓
(C) ✓

⇒ उम्मीदवार को उपाध्यक्ष को भेजा जाना है।

(12). नि० लि० मामले में क्या निर्णय लेना है?
अविनाश कुमार ने 58% कुल अंको के साथ BSC कृषि किया है, और चयन प्रक्रिया में उसे 68% अंक मिले हैं। पिछले महीने उसने अपना 36वाँ जन्मदिन मनाया है।

(A) X offer ✓
(B) ✓
(C) ✓

⇒ उम्मीदवार को मुख्य महाप्रबंधक को भेजा जाना है।

निर्देश (प्रश्न 13 से 15)
नि० लि० जानकारी ध्यानपूर्वक पढ़े और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।
ब्लास्टर्स स्पोर्ट्स क्लब राज्य-स्तरीय वालीबाल टीम के लिए खिलाड़ी की चयन प्रक्रिया का आयोजन कर रहा है। खिलाड़ी को नि० लि० मानदण्डो पर पूरा उतरना आवश्यक है।

(A) खिलाड़ी की उम्र 20 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।
(B) खिलाड़ी की ऊँचाई 170 cm से अधिक होना चाहिए।
(C) खिलाड़ी का वजन 85 किलो से कम होना चाहिए।
(D) खिलाड़ी ने जिला स्तरीय बालीबॉल टूर्नामेंट में भाग लिया हो।

अगर उम्मीदवार उपर्युक्त मानदण्डो को पूरा करता है सिवाय—
(1) उपर्युक्त (B) के लेकिन उसकी ऊँचाई 160 cm से ऊपर है, और राष्ट्रीय स्तर बालीबाल टूर्नामेंट मे भाग लिया है, तो मामला क्लब के सचिव के पास भेजा जा सकता है।
(2) उपर्युक्त (D) के, लेकिन उसे स्कूल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक मिला है, तो मामला क्लब के खेल प्रभारी को भेजा जा सकता है।

(13). इस मामले में लिया जाने वाला निर्णय क्या होगा?
ध्रुव जो राष्ट्रीय स्तर का 22 वर्षीय वालीबॉल खिलाड़ी है, उसे तीन जिला स्तरीय स्वर्ण पदक मिले हैं। उसकी ऊँचाई और वजन क्रमशः 167 cm और 83 किलो है-

(A) ✓
(B) X offer ✓
(C) ✓
(D) ✓

⇒ मामला क्लब के सचिव को भेजा जाएगा।

(14). इस मामले में लिया जाने वाला निर्णय क्या होगा?
इरफान खान 24-वर्षीय जिला-स्तरीय पदक विजेता है, जो चयन परीक्षा में शामिल हुआ है। उसका वजन 80 KG है और उसकी ऊँचाई 180 cm है-

⇒ खिलाड़ी का चयन किया जाएगा।

(A) ✓
(B) ✓
(C) ✓
(D) ✓

(15). इस मामले में लिया जाने वाला निर्णय क्या होगा?

अब्राहम एक 21 वर्षीय वालीबॉल खिलाड़ी है, जिसका वजन 87 kg और ऊँचाई 175 cm है। उसने किसी भी जिला-स्तरीय मैच में भाग नहीं लिया है, लेकिन उसने स्कूल-स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अर्जित किया है

⇒ खिलाड़ी का चयन नहीं किया जाएगा।